प्रादेशिक समाचार बुलेटिन,
आकाशवाणी, लखनऊ।

प्रसारण तिथि : 16.01.2026 प्रसारण समय : 19:20 बजे

मुख्य समाचार :–

1. मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने गोरखपुर विश्वविद्यालय में अंतर विश्वविद्यालय महिला बास्केटबॉल प्रतियोगिता का किया उद्घाटन : कहा– प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश में नई खेल संस्कृति को मिल रहा है बढ़ावा।
2. केंद्र सरकार संसद के बजट सत्र में लाएगी बीज अधिनियम 2026 : केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा– खराब गुणवत्ता वाले, नकली और अनधिकृत बीजों पर अंकुश लगाएगा कानून।
3. सर्वोच्च न्यायालय ने इलाहाबाद हाईकोर्ट के न्यायाधीश यशवंत वर्मा को राहत देने से किया इनकार : लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला द्वारा गठित जांच समिति को बताया विधि सम्मत। और
4. मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण के लिए 18, 31 जनवरी और 1 फरवरी को राज्य में चलाया जाएगा विशेष अभियान : मुख्य निर्वाचन अधिकारी नवदीप रिणवा ने मतदाताओं से की सक्रिय सहभागिता की अपील।

———————————

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने आज गोरखपुर के दीनदयाल उपाध्याय गोरखपुर विश्वविद्यालय में पूर्वी क्षेत्र अंतर विश्वविद्यालय महिला बास्केटबॉल प्रतियोगिता का

उद्घाटन किया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए उन्होंने सभी विश्वविद्यालयों और महाविद्यालयों से आह्वान किया है कि व किसी एक खेल का चयन कर उससे जुड़ी प्रतिभाओं को तराशें। श्री योगी ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मार्गदर्शन में विगत 11 वर्षों में देश में एक नई खेल संस्कृति ने जन्म लिया है। उन्होंने कहा कि उत्तर प्रदेश भी खेलों के माध्यम से विकसित भारत के विज़न को साकार करने की दिशा में अपना योगदान दे रहा है। बाइट.....

*उत्तर प्रदेश में हम लोगों ने हर ग्राम पंचायत में खेल के मैदान के कार्यक्रम को प्राथमिकता का विषय बनाया। ग्राम पंचायत हो या नगर निकाय वहां ओपन जिम के निर्माण हो, ब्लॉक स्तर पर मिनी स्टेडियम का निर्माण हो, जिले स्तर पर स्टेडियम के निर्माण हो। यह सभी कार्यक्रम युद्ध स्तर पर आगे बढ़े। अब तक हम उत्तर प्रदेश के अंदर 500 से अधिक खिलाड़ियों को जिन्होंने ओलंपिक में, कॉमनवेल्थ गेम्स में, एशियाई ओड में, वर्ल्ड चैंपियनशिप में मेडल प्राप्त किए हैं, उन्हें हमने उत्तर प्रदेश के अंदर अलग–अलग विभागों में उन्हें सीधे नौकरी दी है।*

————————————

केन्द्र सरकार आगामी बजट सत्र में बीज अधिनियम 2026 पेश करेगी। आज नई दिल्ली में संवाददाताओं को जानकारी देते हुए कृषि और किसान कल्याण मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने बताया कि कानून का उद्देश्य खराब गुणवत्ता वाले, नकली और अनधिकृत बीजों की बिक्री पर अंकुश लगाना है। उन्होंने कहा कि नया कानून जानकारी की सुविधा भी प्रदान करेगा।.....

*इसमें ट्रेसिबिलिटी का पूरा एक सिस्टम होगा। जो बीज आएंगे वो ये पता चलेगा कि डीलर के पास कहां से आए हैं। एक तो ये होगा कि खराब बीज सिस्टम में आएंगे ही नहीं, आए तो वे पकड़े जाएंगे और जिसने दिए उसको दंड दिया जा सकेगा। इसकी व्यवस्था की गई है। सीड कंपनी का रजिस्ट्रेशन बकायदा किया जाएगा। इससे अनाधिकृत रूप से अगर कोई बीज बेचेगा तो वो भी जानकारी तत्काल प्राप्त की जा सकेगी। हां एक बात मैं इसमें कहता हूं कि परंपरागत बीज जो किसान बोता चला आया है पर ये प्रतिबंध लागू नहीं होंगे क्योंकि किसान आपस में भी बीजों का विनिमय करता है।*

————————————

**सुप्रीम कोर्ट के मुख्य न्यायाधीश न्यायमूर्ति सूर्यकांत और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ कल चंदौली से 1500 करोड़ की लागत से प्रदेश के विभिन्न जनपदों में बनने वाले न्यायालय परिसरों का शिलान्यास करेंगे। इनमें चंदौली के साथ ही औरैया, महोबा, शामली, हापुड़, आगरा और बहराइच के न्यायालय परिसर शामिल हैं। कार्यक्रम को देखते हुए अपर पुलिस महानिदेशक वाराणसी परिक्षेत्र पियूष मोर्डिया ने आज कार्यक्रम स्थल पहुंच कर सुरक्षा तैयारियां का जायजा लिया। चंदौली के ज़िलाधिकारी चंद्र मोहन गर्ग ने बताया कि  चंदौली में बनने वाले नए न्यायालय परिसर का काम लगभग 18 महीनों में पूरा किया जाएगा। बाइट.....**

*जनपद चंदौली में भी एक परियोजना है इंटीग्रेटेड कोर्ट कॉम्प्लेक्स की जिसकी लागत करीब रुपये 236 करोड़ है। उसमें 37 कोर्ट्स बनाए जाएंगे। इसी के साथ में एडवोकेट्स के चेंबर भी उसमें बन रहे हैं। साथ ही साथ अपने जुडिशियल ऑफिसर्स हैं उनके रेसिडेंशियल कॉम्प्लेक्सेस एंड दिस इज*

*जस्ट आपका रेसिडेंशियल कॉम्प्लेक्स। 18 महीने के यह प्रोजेक्ट्स हैं और करीब अप्रैल 2027 तक यह प्रोजेक्ट्स का कंप्लीशन टाइम लाइन है।*

————————

सर्वोच्च न्यायालय ने आज इलाहाबाद उच्च न्यायालय के न्यायाधीश यशवंत वर्मा को राहत देने से इनकार कर दिया। यशवंत वर्मा ने लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला द्वारा गठित समिति को चुनौती दी थी। इस समिति को पिछले साल मार्च में उनके आवास पर जले हुए नोट मिलने के आरोपों की जांच के लिए गठित किया गया था। न्यायमूर्ति दीपांकर दत्ता और न्यायमूर्ति एस सी शर्मा की पीठ ने कहा कि समिति का गठन कर लोकसभा अध्यक्ष ने कोई गैर–कानूनी काम नहीं किया है और न्यायमूर्ति वर्मा किसी भी राहत के हकदार नहीं हैं।

————————

राज्यपाल आनंदीबेन पटेल ने आज अयोध्या के महर्षि महेश योगी रामायण विश्वविद्यालय में भगवान श्री राम की 35 फीट ऊँची प्रतिमा का अनावरण किया। इस अवसर पर उन्होंने भारतीय ज्ञान परंपरा पर केंद्रित गोष्ठी को भी संबोधित किया। राज्यपाल ने कहा कि आज के युवा रामायण और महाभारत जैसे ग्रंथों को डिजिटल माध्यम से जीवंत कर नई पीढ़ी को मर्यादा, कर्तव्य और सेवा का संदेश दे सकते हैं। उन्होंने इसे भारत की सांस्कृतिक सॉफ्ट

पावर का स्वर्णिम दौर बताया, जहां तकनीक और भारतीय संस्कृति मिलकर विश्व को प्रेरणा दे रही हैं। बाइट.....

*हमारे पास वह अमूल्य धरोहर है जिसे संसार सदियों से आश्चर्य से देखता आया है रामायण और महाभारत। यह केवल ग्रंथ नहीं है बल्कि जीवन के शाश्वत सूत्र है। आज हमारे युवा इन प्रेरक कथाओं को शब्दों से निकाल कर स्क्रीन पर मंच पर और अब गेमिंग वर्ल्ड में भी सजीव कर सकते हैं। जहां कभी गुरु शिष्य संवाद से ज्ञान प्रवाहित होता था, वही आज डिजिटल संसार में वही ज्ञान नए रूप में अवतरित हो रहा है।*

————————————

## ब्रेक

यह समाचार आप आकाशवाणी लखनऊ से सुन रहे हैं।

ताज़ा समाचार जानने के लिये आप हमारी वेबसाइट न्यूज़ ऑन ए0आई0आर0 डॉट जी0ओ0वी0 डॉट आई0एन0 पर लॉगिन कर सकते हैं। इसके साथ ही आप प्रादेशिक समाचारों का यह बुलेटिन हमारे यूट्यूब चैनल न्यूज ऑन एआईआर लखनऊ पर भी सुन सकते हैं।

———————————

उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने आज लखनऊ में तीन दिवसीय इण्डिया फूड एक्सपो 2026 का उद्‌घाटन किया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि सरकार का लक्ष्य प्रदेश को देश का खाद्य प्रसंस्करण हब बनाना है। श्री मौर्य ने कहा कि इंडिया फूड एक्स्पो जैसे आयोजन प्रदेश के किसानों, उद्यमियों और निवेशकों को एक साझा मंच प्रदान करते हैं। उन्होंन कहा कि यह

एक्सपो विकसित भारत–विकसित उत्तर प्रदेश के संकल्प को साकार करने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम है। इस अवसर पर उप मुख्यमंत्री नें उत्कृष्ट कार्यो के लिए डी आर पी, बैंकर्स, उद्यमियो व लाभार्थियों को प्रशस्ति पत्र भी वितरित किये।

———————————

प्रदेश में विशेष गहन पुनरीक्षण एसआईआर के तहत 18, 31 जनवरी और 1 फरवरी को विशेष अभियान चलाया जाएगा। प्रदेश के मुख्य निर्वाचन अधिकारी नवदीप रिणवा ने बताया कि विशेष अभियान में ड्राफ्ट वोटर लिस्ट, अप्राप्त श्रेणी में चिन्हित मतदाता सूची और अनुपस्थित मृतक या डुप्लीकेट मतदाताओं की सूची बूथ पर उपलब्ध रहेगी। पेश है एक रिपार्ट.....

*विशेष अभियान के दौरान मतदाताओं की सुविधा के लिए हर मतदान केन्द्र पर हेल्प डेस्क बनाई जाएगी।इन तिथियों के अलावा जनपद स्तर पर अन्य तिथियों पर भी अभियान चलाया जाएगा। जिला निर्वाचन अधिकारियों को यह भी निर्देश दिए गए हैं कि वे प्रतिदिन पुनरीक्षण कार्यक्रम की गहन समीक्षा सुनिश्चित करें। श्री रिणवाने प्रदेश के सभी मतदाताओं से अपील की है कि निर्धारित विशेष अभियान तिथियों पर अपने संबंधित बूथों पर जाकर मतदाता सूची में अपना नाम अवश्य जांच लें ताकि मतदाता सूची शुद्ध और त्रुटिरहित बनाई जा सके। समाचार कक्ष से तनवीर फातिमा।*

———————————

अयोध्या में पर्यटक की सरयू नदी में नौकायन के प्रति बढ़ती रुचि को देखते हुए उत्तर प्रदेश पर्यटन विभाग की ओऱ से नाविकों के लिए तीन दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम

आयोजित किया जा रहा है। प्रदेश के पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री जयवीर सिंह ने बताया कि कल से शुरू हुए इस प्रशिक्षण कार्यक्रम का उद्देश्य नाविकों को डिजिटल पेमेंट, स्टोरी टेलिंग, आपदा प्रबंधन, आपात स्थितियों में प्राथमिक उपचार आदि के लिए तैयार करना है।

————————

प्रदेश में भीषण ठंड के कारण कई जिलों में न्यूनतम तापमान 3 से 6 डिग्री के बीच बना हुआ है। घने कोहरे से रेल और सड़क यातायात भी प्रभावित है। विशेष रूप से राज्य के पश्चिमी और तराई वाले इलाकों में लंबी दूरी की ट्रेनें निर्धारित समय से घंटों देरी से चल रही हैं। बदायूं, बिजनौर, बरेली, संभल, अमरोहा, पीलीभीत, मुजफ्फरनगर और सहारनपुर समेत कई ज़िलों में आठवीं तक के आज स्कूल बंद रहे। जिला प्रशासन ने इन जिलों में कल भी अवकाश घोषित किया है। मौसम विभाग ने आगामी 24 घंटों में प्रदेश के अधिकांश ज़िलों में घने कोहरे और शीत दिवस का ऑरेंज अलर्ट जारी किया है।

(समाप्त)